सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 83 | इंदौर, शनिवार 05 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# भारत-बांग्लादेश मैच, विरोध में ग्वालियर के बाजार बंद का आह्वान

### हिंदू महासभा बोली-यह मैच भारतीयों का अपमान, एसपी बोले-ग्वालियर की छवि बिगड़ने नहीं देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में कल यानी 6 अक्टूबर को होने जा रहे भारत-बांग्लादेश टी-20 मैच का हिंदू महासभा कड़ा विरोध कर रही है। हिंदू महासभा का कहना है कि बांग्लादेश में बने हालात में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। महिलाओं के साथ गलत काम हो रहे हैं। बांग्लादेश ने अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं। ऐसे में भारत, बांग्लादेशियों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा है। हिंदू महासभा ने मैच को भारत के हिंदुओं का अपमान बताया है। साथ ही मैच वाले दिन (छह अक्टूबर) को लश्कर के बाजार में बंद का आह्वान भी किया है।**

इसके लिए लगातार हिंदू महासभा अन्य हिंदू संगठन को साथ लेकर बाजारों में व्यापारियों को पत्र भेज रही है। पत्र में लिखा है कि हिंदुओं के सम्मान के लिए 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक बाजार बंद रखें। जबकि एसपी ग्वालियर का कहना है कि ग्वालियर की छवि को बिगड़ने नहीं देंगे। कुछ लोग विरोध में थे, लेकिन उनसे हमारी बात हो गई है।



### अगस्त में मैच की घोषणा के साथ विरोध शुरू

अगस्त 2024 में भारत-बांग्लादेश के बीच टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच इंदौर की जगह ग्वालियर में कराने की घोषणा की गई थी। मैच की घोषणा के साथ ही हिंदू वादी संगठन हिंदू महासभा ने विरोध शुरू कर दिया था। हिंदू महासभा ने 14 अगस्त को खून से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर इस मैच को रद्द करने के लिए कहा था। जिसमें 28 अगस्त तक मैच को रद्द करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद से हिंदू महासभा लगातार प्रदर्शन कर इस मैच का विरोध कर रही है। इस बीच में कई रैलियां व सभाएं की गई।

### विरोध के चलते मोती मस्जिद में बांग्लादेशी क्रिकेटर नहीं पढ़ सके नमाज

शुक्रवार को नमाज-ए-जुमा यानी जुमा की नमाज अदा करन के लिए बांग्लादेश के क्रिकेटर फूलबाग की मोती मस्जिद जाना चाहते थे। दोपहर में 1.30 बजे का समय भी तय हो गया था। फूलबाग पर पुलिस फोर्स भी तैनात कर दिया गया था, लेकिन तभी हिंदू महासभा ने विरोध करने का मन मनाया। इसको देखते हुए बांग्लादेशी टीम का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। शहर काजी ने होटल में पहुंचकर बांग्लादेशी क्रिकेटर्स को नमाज-ए-जुमा कराई है।

# कुत्ते से डरकर भागी 7 साल की बच्ची की मौत

### परिजन बोले- घर पहुंची तब हॉर्टबीट तेज थी, बाजार कराया बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन ,(एजेंसी)।** उज्जैन में स्ट्रीट डॉग को देखकर डरी 7 साल की छात्रा ने दौड़ लगा दी। घर पहुंची तो उसे उल्टी होने लगी और हॉर्ट बीट बढ़ गई। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला केडी गेट स्थित बोहरा बाखल में शुक्रवार दोपहर का है। परिजनों का आरोप है कि कुत्ते के लपकने के कारण बच्ची डरकर भागी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत से गुस्साए परिजनों और लोगों ने चक्काजाम कर दिया। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। फ्रीगंज में व्यापार करने वाले मुस्तफा लोहेवाले की 7 साल की बेटी इंसिया सेंट पाल स्कूल में पहली की छात्रा थी। शुक्रवार को उसका एग्जाम था। वो डेढ़ बजे घर पहुंची। सवा दो बजे वह घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान स्ट्रीट डॉग को देखकर डर गई। बच्ची के फूफा कुदुबुद्दीन अगरबत्तीवाला ने बताया कि घर पहुंचने के बाद बच्ची निढाल हो गई। उसे उल्टी होने लगी। उसे दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दोनों ही जगह डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

**लोगों ने किया चक्काजाम-** कुत्ते की दहशत से बच्ची की मौत की खबर के बाद समाज के लोगों ने कमरी मार्ग का बाजार बंद करवा दिया। कांग्रेस विधायक महेश परमार समेत कई लोग उनके समर्थन में आ गए। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**एक महीने में 150 से ज्यादा डॉग बाइट के केस-** उज्जैन में हर महीने 150 से ज्यादा डॉग बाइट के केस सामने आए है। वहीं एक युवक की मौत भी हो चुकी है। गणेश नगर के रहने वाले ऑटो चालक मनोज शर्मा का बेटा सोनू शर्मा (17) फैक्ट्री में काम करता था। सुबह जल्दी नागझिरि क्षेत्र में क्रॉस होकर जा रहा था। इस दौरान वहीं के स्ट्रीट डॉग ने उसे काट लिया था। 20 दिन बाद तबीयत बिगड़ने लगी। उसमें रैबीज के लक्षण दिखाई देने लगे थे। सोनू हवा और पानी से डरने लगा था। वह रेबीज से संक्रमित हो चुका था। शासकीय जिला अस्पताल में सोनू का इलाज करवाया। उसे अमलतास, पुष्पा मिशन सहित इंदौर के एमवाय अस्पताल भी ले गए, लेकिन जान नहीं बच सकी। 6 सितंबर को उसकी मौत हो गई।

# 24 घंटे में चार तरह का मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** इन दिनों मौसम 24 घंटे में चार तरह के रंग दिखा रहा है। तडके ओस, दिन में तेज धूप और दोपहर से शाम तक उमस परेशान कर रही है तो देर रात से सुबह तक ठंडक हो रही है। दिन और रात के तापमान में 10 डिग्री का अंतर बना हुआ है। शुक्रवार को दिन का तापमान 33.7 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.6 डिग्री ज्यादा रहा। गुरुवार के मुकाबले इसमें 1.8 डिग्री की गिरावट हुई। फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। सुबह 6 घंटे में ही तापमान में करीब 6 डिग्री का इजाफा हो गया था। तपिश शाम तक बरकरार रही। रात का तापमान 23.5 डिग्री दर्ज हुआ। 24 घंटे में इसमें 0.9 डिग्री की गिरावट हुई।

# 25 में 65 की बीमारी:युवाओं की आंखों में आ रहा पानी

### ऑब्जेक्ट हिलते हुए दिख रहे; डॉक्टर्स का कहना है- हर महीने 15-20 मरीज आ रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी (सीएससीआर) के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। खासकर युवाओं में यह सामने आ रही है जो कि पहले आमतौर पर बुजुर्गों में पाई जाती थी। इस बीमारी का शिकार बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी हैं, जो इस समय नेक स्ट्रेप पहनकर खेल रहे हैं।**

शाकिब की बाईं आंख में सीएसआर के कारण उन्हें धुंधला दिखने और ऑब्जेक्ट्स के हिलते हुए नजर आने जैसी समस्याएं हो रही हैं। हमीदिया अस्पताल के रेटिना क्लिनिक में हर महीने 15 से 20 नए मरीज इस बीमारी से पीड़ित आ रहे हैं। इनमें 50त्न युवा होते हैं। डॉक्टर्स के अनुसार, बढ़ते तनाव, डायबिटीज और हाई बीपी इसके प्रमुख कारण हैं।

### क्या है सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी, कैसे होता है इलाज

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस कुबरे बताते हैं कि सीएससीआर में रेटिना के पीछे मौजूद ब्लड वैसल्स के बीच की परत के फटने से लिक्विड का रेटिना में रिसाव होता है। इससे दृष्टि प्रभावित होती है। कई मामलों में यह स्थिति स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकती है। सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी (सीएससीआर) का दो तरह से इलाज किया जाता है। बीमारी की जानकारी मिलते ही इंट्र विट्रल इंजेक्शन यानि आंखों के भीतर इंजेक्शन लगाए जाते हैं।

### निदान और इलाज

डॉ. केके अग्रवाल बताते हैं कि सीएसआर के इलाज के लिए इंट्र विट्रल इंजेक्शन का उपयोग किया जाता है, जिसमें 30-45 दिनों के अंतराल पर 6-7 इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा, लेजर प्रक्रिया से भी जमा लिक्विड को हटाया जा सकता है।

### स्टेरॉइड दवाओं से भी होती है यह स्थिति

डॉक्टर्स के अनुसार कॉर्टिकोस्टेरॉइड दवाओं का उपयोग या इनके संपर्क में आने से यह बीमारी शुरू हो सकती है या बिगड़ सकती है। इन दवाओं का उपयोग एलर्जी, त्वचा की सूजन और कई अन्य बीमारियों के इलाज में किया जाता है। यहां तक कि साधारण नाक स्प्रे या स्किन क्रीम में भी कॉर्टिकोस्टेरॉइड हो सकते हैं। इसके अलावा, भावनात्मक तनाव या 'टाइप ए' व्यक्तित्व (जिन्हें अधिक तनाव महसूस होता है) वाले लोगों में भी इस बीमारी का खतरा अधिक देखा गया है।

तीन तरह का होता है सीरस रेटिनोपैथी

सीएसआर -सेंट्रल सीरस रेटिनोपैथी में आंखों के बीच लिक्विड जमा होने से परेशानी होती है ।

एआरएमडी -एज रिलेटेड मस्कुलर डी अटैचमेंट, यह उम्र के साथ आंखों में होने लगती है।

सीआरडी -सीरस रेटिना डिटैचमेंट, चोट या ऑपरेशन के बाद यह स्थिति बन जाती है।

# उड़ान के मामले में इंदौर ने भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर को पीछे छोड़ा

**सितम्बर माह में इंदौर से 3.18 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्वच्छता के साथ साथ इंदौर अब फ्लाइट में सबसे ज्यादा यात्रियों संख्या में भी पहले नम्बर की और बढ़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले महीने सितम्बर में इंदौर से 50 फ्लाइट ने रोजाना उड़ान भरी। इन उड़ानों का लाभ तीन लाख 18 हजार यात्रियों ने लिया। जो प्रदेश में यात्रियों की हवाई सेवाओं का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या ने राजधानी भोपाल को भी पछाड़ दिया है। वहां पिछले महीने केवल सवा लाख के आसपास यात्रियों ने विमान सेवा का लाभ लिया। ग्वालियर एयरपोर्ट से करीब 20 हजार तो जबलपुर एयरपोर्ट से 28 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है।

उल्लेखनीय है कि इंदौर में हवाई यात्रियों की संख्या में जून-जुलाई में गिरावट आई थी, जिससे प्रबंधन की चिंता बढ़ने लगी। गिरावट को लेकर मंथन भी हुआ, लेकिन, अचानक सितम्बर में यात्री बढ़े तो प्रबंधन की चिंता दूर हो गई। इंदौर के बाद सबसे ज्यादा फ्लाइट संचालन भोपाल एयरपोर्ट से हुआ है। सितंबर में भोपाल एयरपोर्ट से 950 से ज्यादा उड़ानों का संचालन हुआ है, जससे 1 लाख 21 हजार 841, जबलपुर एयरपोर्ट से 28 000 ने सफर किया है। ग्वालियर से 150 से ज्यादा उड़ान के साथ 20 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है।

### पांच साल में सवा 30 लाख हवाई सफर

इंदौर में पांच साल में सवा 30 लाख हवाई सफर ने किया था। । बढ़ते यात्रियों के आंकड़ों को देखते हुए इस सेक्टर से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर यात्रियों के बढ़ने का यहीं ट्रेंड रहा तो यहां के 37 साल इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब 2024 में यात्रियों का आंकड़ा 40 लाख को पार कर जाएगा।

### विंटर शेडयूल में तीन नई उड़ानें

दीपावली के पहले 28 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल शुरू होगा। इसमें इंडिगो तीन नई उड़ान पुणे, जयपुर और चेन्नई के लिए शुरू करेगा। पुणे के लिए यह दूसरी, जयपुर के लिए तीसरी और चेन्नई के लिए दूसरी उड़ान होगी।

### सितम्बर माह में यात्रियों ने हवाई सेवा का लाभ लिया

**इंदौर एयरपोर्ट - 150 उड़ान 3.18 लाख यात्री**

**भोपाल एयरपोर्ट - 950 उड़ान 1.21 लाख यात्री**

**जबलपुर एयरपोर्ट - 150 उड़ान , 28 हजार यात्री**

**ग्वालियर एयरपोर्ट - 150 उड़ान , 20 हजार यात्री**





# मां महिषासुर मर्दिनी

## अति प्राचीन देवी धाम बीजा नगरी आगर मालवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आगर मालवा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर विंध्य पर्वत की तलहटी स्थित अति प्राचीन बिजनगरी में स्थित है मां महिषासुर मर्दिनी का 5000 साल पुराना मंदिर मंदिर के पुजारी श्री गोविंद व्यास जी ने बताया कि शारदीय नवरात्र में देवी अपने तीनों स्वरूपों में दर्शन देती हैं सुबह में बाल रूप मध्यान में युवा रूप और शाम को वृद्धि रूप में मां दर्शन मुद्रा में होती हैं आसपास के ग्रामीणों की मान्य तो गांव से दूर जंगल में स्थित महिषासुर मर्दिनी का यह अति प्राचीन मंदिर अपने आप में सिद्ध देवी धाम है यहां शाम के वक्त संध्या आरती के समय हजारों दीप



पुजारी श्री गोविंद व्यास जी

मलिकाएं मन्नत धारी लोगों के द्वारा प्रचलित की जाती है जो लगातार कई वर्षों से अखंड चल रही है।

मंदिर के बारे में मान्यता है कि जो कोई भी भक्त अपनी मनोकामना को लेकर माता के समक्ष आता है उसकी मनोकामना पूरी हो जाती है उसके बाद वह भक्त अखंड दीप जौतिया नवरात्रि पर्व के दौरान प्रचलित करते हैं यहां मध्य प्रदेश राजस्थान गुजरात के अलावा भी कई प्रदेशों से दर्शनार्थी नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शन करने आते हैं।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 लोग लाभांवित हुए

**इंदौर**। तास्कर, इंडियास हेल्थ केयर मॉल के तत्वावधान में निशुल्क जनरल परामर्श ओर जांच चिकित्सा शिविर श्री पालीवाल बाल विनय मंदिर स्कूल (निशुल्क शिक्षण संस्थान) पर संपन्न हुआ जिसमें 300 से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया। डॉ.अंकित गुप्ता एवं डॉ .प्रियल शर्मा ने सेवाएं दी, जिसमें बीपी, शुगर जांच के साथ परामर्श भी दिया गया। उक्त जानकारी सचिव हरलाल पालीवाल ने दी।चित्र जांच शिविर का।

# डॉक्टर्स की संगीत संस्था स्पंदन का अनूठा कार्यक्रम सुरीले सवाल

**इंदौर**। त्योहारों के इस शुभ अवसर पर, इंदौर के डॉक्टर्स की संगीत संस्था स्पंदन एक अनूठा कार्यक्रम लेकर आ रही है। सुरीले सवाल नामक इस कार्यक्रम में सभी गीत एक प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसका उत्तर भी संगीत के माध्यम से दिया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार, 13 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे रविंद्र नाट्य गृह, इंदौर में आयोजित किया जाएगा।

# सोशल मीडिया विकास तथा विनाश दोनों कर रहा है

**युवा बहुत समझदारी से सोशल मीडिया का उपयोग करें -अमित सिंह अतिरिक्त पुलिस आयुक्त**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। भूमंडलीकरण और उदारीकरण ने बाजारवाद ,उपभोक्तावाद को जन्म देकर विदेश में निर्मित सामग्री के माध्यम से भारतीय बाजार में सोशल मीडिया को जन्म दिया, जिसके माध्यम से हम समाज को अधिकतम लाभ देकर, देश और समाज को विकास के अधिकतम स्तर पर तक ले जा सकते हैं ,साथ ही इस सोशल मीडिया के माध्यम से संपूर्ण समाज और मानव सभ्यता को बर्बाद करने के रास्ते पर भी ले जा सकते हैं। कुछ युवा सोशल मीडिया का लाभ ले रहे हैं, वहीं यही सोशल मीडिया समाज एवं युवाओं को बर्बाद भी कर रहा है।

उक्त बातें सहायक पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने अभ्यास मंडल द्वारा प्रेस्टीज स्कूल स्कीम नंबर 74 में विद्यार्थियों के लिए आयोजित ह्लसोशल मीडिया की युवकों युवाओं को सही दिशा दे सकता हैह्व वाद विवाद प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर कहीं।

आज का युवा अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया को दे रहा है, जिससे एक और नई-नई जानकारियां तथा संपर्क बढ़ रहें है ,वही अश्लीलता, अपराध बढ़ने तथा समाज को नुकसान करने का कार्य भी सोशल मीडिया कर रहा है। युवा इसका सोच समझकर उपयोग करें ।पालक ,शिक्षक तथा प्रबुद्ध वर्ग इस और ध्यान दें ।

प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ डेविश जैन के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रारंभ में अतिथियों ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्धा का शुभारंभ किया ।

अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम बाजपेई ने की। अतिथियों का स्वागत स्वप्निल व्यास ,मुरली खंडेलवाल, पराग जटाले, शफी शेख तथा स्कूल की प्राचार्या ममता शेखावत ने किया । कार्यक्रम की भूमिका माला सिंह ठाकुर व रामेश्वर गुप्ता ने प्रस्तुत की । निर्णायक चाणक्य दीक्षित, तथा पिंकी मिश्रा थे।

### पक्ष

प्रथम -पार्थ मोघे (चमेली देवी)
द्वितीय -नव्या चांडक(सेंट नॉर्बर्ट)
तृतीय -भूतिया जैन(एडवांस अकादमी)

### विपक्ष

प्रथम - हर्षिता पंवार(भारतीय संस्कृत शिक्षा संस्थान)
द्वितीय - आराध्या व्यास(चमेली देवी)
तृतीय आर्यवीर जैन(एडवांस अकादमी)

कार्यक्रम का संचालन किया आदित्य सिंह सेगर ने तथा अंत में वैशाली खरे ने आभार व्यक्त किया।

# बिजली कंपनी एवं नगर निगम के बीच समन्वय बैठक

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं इंदौर नगर निगम के बीच शुक्रवार दोपहर समन्वय बैठक का आयोजन हुआ। इसमें निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भविष्य में अंडर ग्राउंड बिजली लाइनों का विस्तार, शहर की स्वच्छता में सहयोग, स्मार्ट पावर डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम योजना की तैयारी इत्यादि विषय पर कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के बीच विस्तार से चर्चा हुई। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने नागरिकों की सेवा के लिए किए जा रहे मौजूदा कार्यों एवं निकट भविष्य में होने वाले प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी ली। परस्पर सहयोग से शहर के विस्तार एवं विकास में सहयोग देने को कहा।

# बच्चों को जॉनी-जॉनी के साथ मंत्र एवं श्लोक भी सिखाएं

**गरबों का मूल स्वरूप पारंपरिक मां की आराधना का रहने दें, आधुनिकता के नाम पर विकृति न लाएं : लालित्य मुन्शा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गरबा गायन का सैकड़ों वर्षों से और कई पीढ़ियों से चला आ रहा स्वरूप इतना मनमोहक और समृद्ध है कि उसमें आधुनिकता के नाम बहुत परिवर्तन की जरूरत ही नहीं। हमारी संस्कृति भारतीय भाषाओं में इतनी अच्छी कविताएं और श्लोक हैं कि हमें नर्सरी राईम में बच्चों को उन्हें भी सिखा कर संस्कार देना चाहिए।

ये बातें सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री लालित्य मुन्शा, मुंबई ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के संवाद कार्यक्रम में कहीं। इंदौर की स्वच्छता, सकारात्मकता और सौजन्यता की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि देश के अन्य क्षेत्रों में भी यही भावना आ जाए तो देश बहुत आगे बढ़ जाए। गरबों को मातृशक्ति का आराधना तक ही सीमित रखने की पक्षधर सुश्री मुन्शा ने इस वर्ष मां के रौद्र स्वरूप काली मां की स्तुति डाकला की मेडली तैयार की है। वे जिन गरबा गीतों के फिल्मी वर्शन बन चुके हैं, उनके भी मूल गीत गाना पसंद करती हैं। उनके ब्रांड रेड रिबन ने कई गायकों के एल्बम रिलीज किए हैं जिनमें अरिजीत सिंह की पहली गजल की रिकॉर्डिंग भी शामिल हैं। वे आज भी अरिजीत सिंह की सादगी को याद करते हुए कहती हैं कि रात दो आने के बाद वे सीधे हा लेकर बैठ गए और अपने टेकों में फाइनल खुद ही चुनें।

# आन लाइन फ्राड के सितंबर में रिफंड करवाए 1.65 करोड़ रिफंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच द्वारा ऑनलाइन फ्राड की शिकायतों में आवेदकों को उनकी राशि सकुशल वापस करवाने का अभियान जारी है। सितंबर में पीडितों को 1.65 करोड़ रुपए की राशि रिफंड करवाई गई है।**

इंदौर कमिश्नरेट में लोगों से छलकपट कर अवैध लाभ अर्जित करते हुये आर्थिक ठगी करने वाले की पहचान कर कार्यवाही करते हुये उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस का अभियान चल रहा है। ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन टीमों को सक्रिय किया गया है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा संचालित सायबर हेल्प लाइन,एनसीआर पोर्टल आदि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त ऑनलाइन फ्राड की शिकायतों पर क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा आवेदकों से स पूर्ण जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही कर आवेदकों के पैसे ठग से वापस कराने का कार्य निरंतर कर रही है। टीम कई वर्षो से लगातार आवेदकों के पैसे रिफंड करवा चुकी है। पूर्व के माह की रिफंड राशि की तुलना में सबसे अधिक राशि सितंबर में रिफंड करवाई गई है। 2024 सितंबर में आवेदकों के 1 करोड 65 लाख से अधिक राशि सकुशल वापस कराई गई एवं आवेदकों को ऑनलाइन फ्राड से बचाव के लिए साइबर पाठशाला जैसे अभियान के माध्यम से लाखों लोगों को जागरूक किया जाने का अभियान भी जारी है,उसके बाद भी आन लाइन फ्राड की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा है कि आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन की धोखाधडी होने पर तत्काल क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन नंबर-् 704912.4445, 1930 एनसीआरपी पोर्टल आदि माध्यमों से शिकायत करें।

## कच्ची शराब के ठियों पर पुलिस की दबिश

**इंदौर।** राऊ पुलिस ने कच्ची शराब के ठिये पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में शराब जब्त की। पुलिस ने करीब 44 लीटर शराब जब्त की।राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि क्षेत्र के अलग अलग जगह अवैध शराब बिक्री की सूचना मिल रही थी इस पर पुलिस टीमें बनाकर रंगवासा क्षेत्र एंव नेहरू नगर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वाले ठियों पर दबिश देकर वहां से 44 लीटर शराब जब्त की गई। पूर्व में भी कच्ची शराब के धंधे में लिप्त दंपत्ति और उसकी बहू को भी गिर तार किया गया था।

## नाबालिग पर प्राणघातक हमले में केस दर्ज

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में नाबालिग को चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल करने का मामला सामने आया है। एरोड्रम पुलिस ने प्रिंस राठौर निवासी विजयश्री नगर पर चाकू से हमला करने के मामले में कान्हा नाम के युवक पर केस दर्ज किया है। प्रिंस 10 वीं क्लास का स्टूडेंट है। वह कोचिंग से पैदल घर की ओर जा रहा था। तेजाजी मंदिर के पास कान्हा दिखा और धमकाते हुए बोला कि घूरकर क्यों देख रहा था। प्रिंस ने इनकार किया तो कान्हा ने चाकू से उस पर कई वार कर डाले और फरार हो गया। प्रिंस को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां बयान बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## मंगेतर ने बिजनेस की बात पर युवती को पीटा

**इंदौर।** बायपास स्थित स्काय लाइन रिसोर्ट में बिजनेसमैन ने अपनी मंगेतर के साथ मारपीट कर डाली। मंगेतर उसकी पार्टनर भी है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक हर्षा सोमानी की शिकायत पर दीपक पिता अमरनाथ शर्मा पर मारपीट का केस दर्ज किया है। हर्षा ने बताया कि वह मार्बल का बिजनेस करती है। उसका मंगेतर दीपक भी पार्टनर है। 15 दिन पहले दीपक के साथ स्काय लाइन रिसोर्ट में आकर रुके हुए हैं। उसका मंगेतर दीपक छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने लगता है। गुरुवार को भी बिजनेस की बातचीत चल रही थी इसी दौरान दीपक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर डाली। अन्य लोगों ने आकर बचाया। उसके बाद तेजाजीनगर पुलिस की शरण में पहुंचकर मंगेतर के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## मामूली बात पर घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट

**इंदौर** । लसूडिया में पड़ोसियों ने मां-बेटी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी पक्ष का कहना था कि उनके परिवार की युवती के साथ मां-बेटी ने मारपीट की थी । लसूडिया पुलिस के अनुसार सृष्टि पांडे निवासी निरंजनपुर नई बस्ती की शिकायत पर आरोपी विजय माली और अर्जुन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है । पीडिता ने अपनी मां पिंकी पांडे के साथ थाने पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि विजय माली और उसका लडका अर्जुन उनके घर में घुस आए और आरोप लगाया कि उनके परिवार की युवती सीता के साथ मारपीट क्यों की गई है। सृष्टि की मां पिंकी ने इस बात से इनकार किया तो आरोपियों ने लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी, सृष्टि बीच बचाव करने आई तो उस पर भी हमला हुआ है।

## घूरने की बात पर चाकू मारा

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में घूरने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने 15 साल के नाबालिग पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक विवाद विजयश्रीनगर में तेजाजी मंदिर के पास हुआ। घायल का नाम प्रिंस पिता गणेश राठौड़(15) है। उसकी रिपोर्ट पर कान्हा उर्फ किंग के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि घूरने की बात को लेकर आरोपी ने फरियादी को गालियां दी। गाली देने से मना करने पर आरोपी ने चाकू से वार कर दिया जो कंधे पर लगा और खून निकलने लगा। जान से मारने की धमकी भी दी।

## विवाद में हमला

**इंदौर।** गांधीनगर क्षेत्र में पानी भरने के विवाद में आरोपी ने एक महिला पर पाइप से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक फरियादी उषा पति कमलेश चौहान(50) निवासी एमवायएच मल्टी की रिपोर्ट पर आरोपी मोह मद इकबाल पर केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि मैं मल्टी के नीचे बनी पानी की टंकी से पानी लेने गई थी। वहां मेरे घर के सामने रहने वाला मोह मद इकबाल भी पानी भर रहा था। मैंने बोला कि भाईया मेरी तबीयत ठीक नहीं है मुझे एक मटका पानी जल्दी भर लेने दो। इस पर उसने गालियां दी और प्लास्टिक पाइप से मारपीट की। इससे हाथ और सिर में चोट लगी।

## दो छात्रों से मोबाइल लूट में दो को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । भंवरकुआं इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक छात्र का मोबाइल छीन लिया । गीड़ा के नंबर के आधार पर घेराबंदी कर दो बदमाशों को प$कड़ लिया गया है।

भंवरकुआं पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ पिता नरेंद्र गौतम निवासी पीजी हॉस्टल शोभाराम उस्ताद मार्ग मूल निवासी सतना की शिकायत पर गाड़ी नंबर एमपी 09 झेड टी 8287 पर सवार दो लडकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि फिजिक्स वाला कोचिंग के पास से वह जा रहा था तभी आरोपी उसके पास आए, गाड़ी को धीमी किया और उसके हाथ से मोबाइल छीना और गाड़ी भगा ले गए। आरोपियों ने इस दौरान मंगल नगर स्थित हनुमान मंदिर के पास सचिन पिता सुरेश साबर निवासी हरसूद से भी मोबाइल लूट की वारदात की है। सचिन जब मंदिर के पास से निकल रहा था तभी स्कूटर सवार दो बदमाशों उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गए। एक पीडित छात्र ने शोर मचाया, पीछा किया और मौके से कुछ दूरी पर ही आरोपियों को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## चलती बाइक से गिरा और हो गई मौत

### चौकीदार की भी संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर में युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह ट्रांसपोर्ट पर काम करता था। मृतक का नाम विकास पिता गंगाधर निवासी प्रजापत नगर है। वह रेडिसन चौराहे से बाइक लेकर गुजर रहा था, तभी अचानक चक्कर खाकर गिर गया। राहगीरों ने उसे देखा तो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सूचना दी। उन्होंने सीपीआर देकर चौकी में लेटाया, एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया । जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। विकास का 4 साल का एक बच्चा है।**

दूसरे मामले में बाणगंगा में एक चौकीदार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक का नाम अमित पिता हुकुमचंद है। उसे अचेत हालत में एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। माना जा रहा है अटैक की वजह से उसकी मौत हुई है।

## घूमर गरबा महोत्सव में जबरदस्त उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर इंदौर के लालबाग में आयोजित घूमर गरबा महोत्सव ने दूसरे दिन भी जबरदस्त उत्साह और उल्लास के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया। सौगात मिश्रा के नेतृत्व में इस नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का आगाज बेहद शानदार रहा, और दूसरे दिन भी गरबा प्रेमियों का जोश देखते ही बन रहा था। बालिकाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए मंच को रंगीन बना दिया।

दूसरे दिन की विशेषता यह रही कि विभिन्न गरबा और डांडिया स्टेप्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक गरबा की धुनों के साथ-साथ फ्यूजन गरबा ने भी माहौल में एक अलग ही उमंग भर दी। गरबा स्थल को आकर्षक लाइटिंग और डेकोर से सजाया गया था, जिससे आयोजन और भी भव्य नजर आया।दूसरे दिन भी कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वही पहले दिन महामंडलेश्वर रामगोपाल दास जी महाराज ने आरती कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन को सफल बनाने की शुभकामनाएं दीं।

## बिना दस्तावेज चला रहे थे स्कूली वाहन,जब्त

### अन्य वाहनों पर कार्रवाई कर वसूले 45 हजार रूपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परिवहन विभाग अभियान चलाकर नियम विरूद्ध सडक़ पर दौड़ रहे स्कूली वाहनों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में आरटीओ ने बिना दस्तावेज सडक़ पर दौड़ रहे तीन स्कूली वाहनों को जब्त किया वहीं अन्य पर कार्रवाई करते हुए 45 हजार रूपए जुर्माना वसूला गया। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर लगातार वाहनों को चेक किया जा रहा है वहीं वाहनों में खामी मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई तो की ही जा रही है साथ ही उन्हें जब्त किया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान के तहत करीब 50 से अधिक वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान तीन स्कूली वाहन ओमनी वैन,मैजिक बिना दस्तावेज के सडक़ पर चलते मिले। इन्हें जब्त कर लिया गया। वहीं अन्य वाहनों में खामी पाए जाने पर इन पर कार्रवाई करते हुए इनसे करीब 45 हजार रूपए जुर्माना वसूला गया। श्रीमती मिश्रा का कहना है कि यात्रियों से अधिक किराया लेने,फिटनेश,परमिट, बीमा तथा पीयूसी आदि शर्तो का उल्लंघन करने और ओवरलोडिंग करने वाली बसों पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## ह्रदय रोग के बारे में किया जागरूक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जुपिटर अस्पताल, इंदौर के प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अनिरुद्ध व्यास ने एओर्टिक स्टेनोसिस नामक हृदय रोग के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। एओर्टिक स्टेनोसिस एक गंभीर हृदय रोग है, जो मुख्य रूप से वृद्धावस्था में होता है और विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्रभावित करता है। इस रोग के कारण एओर्टिक वाल्व सख्त हो जाता है, जिससे हृदय से रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है और हृदय पर अत्यधिक दबाव पड़ता है।

डॉ. व्यास ने बताया कि यह रोग धीरे-धीरे विकसित होता है और इसके शुरूआती चरणों में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते। अधिकतर मामलों में, जब तक रोग के लक्षण स्पष्ट रूप से सामने आते हैं, तब तक वाल्व की स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। एओर्टिक वाल्व के कार्य में बाधा आने से हृदय को सामान्य से अधिक परिश्रम करना पड़ता है, जिससे गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

डॉ. व्यास ने बताया कि एओर्टिक स्टेनोसिस के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में छिपे रहते हैं, लेकिन जब यह उभरते हैं तो छाती में दर्द, सांस फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, थकावट और कभी-कभी बेहोशी जैसी समस्याएँ सामने आती हैं। अक्सर, रोगी इन लक्षणों को वृद्धावस्था का सामान्य हिस्सा मानकर अनदेखा कर देते हैं, जबकि यह हृदय रोग की ओर संकेत कर सकते हैं। रोग की गंभीरता को समझना और समय रहते इसका निदान करवाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## साइबर सुरक्षा और उसके सक्रिय उपाय पर सेमिनार

**इंदौर।** कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग ने कएक स्टूडेंट चैप्टर के सहयोग से चामेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में साइबर सुरक्षा और उसके सक्रिय उपाय पर एक सेमिनार का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राष्ट्रीय स्तर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ प्रो. गौरव रावल थे , उन्होंने साइबर अपराध और आईटी अधिनियम पर गहन जानकारी प्रदान की। इस सेमिनार में 130 लगभग छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रो. राधेश्याम आचोलिया ने प्रो. रावल का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे बाद इस आकर्षक सत्र की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में प्रो. रावल ने बताया की भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66-ए के तहत किसी भी व्यक्ति की डिजिटल आइडेंटिटी (फोटो, वीडियो, ऑडियो व मोबाईल नम्बर) बिना अनुमति के सार्वजनिक करने पर 3 साल की सजा व 2 लाख जुर्माने का प्रावधान है।

# बेटी के बर्थडे पर पिता की ट्रक चढ़ाकर हत्या

## केक लेकर लौट रहा था, परिवार-पुलिस एक्सीडेंट मानते रहे, पता चला मर्डर हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। तीन मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। 7 साल के बेटे को तो थोड़ी-बहुत समझ है, लेकिन 2 साल का बेटा और 1 साल की बेटी को ये बताया नहीं जा सकता कि पापा अब नहीं आएंगे...। उनकी आंखें पापा को ढूंढ रही हैं, कब वे आकर उन्हें दुलारेंगे।**

मासूमों के पिता को ड्राइवर ने ट्रक चढ़ाकर मार डाला। इसका पता घटना के दूसरे दिन गुरुवार देर शाम चला। इससे पहले तक पुलिस और परिजन हादसा ही मान रहे थे।

### केक लेने गए, मौत की खबर आई

घटना बुधवार, 2 अक्टूबर की शाम की है। बेटी का बर्थडे था। सीमा कुशवाहा ने बताया, ह्यपति रामजी कुशवाहा (35) मुझे बोलकर निकले थे कि बच्ची का जन्मदिन मनाने की तैयारी करो। मैं केक, चॉकलेट और डेकोरेशन का बाकी सामान लेकर आता हूं। थोड़ी देर बाद खबर बाई कि उन्हें ट्रक ने कुचल दिया है।

### ट्रक की टक्कर के बाद टुकड़ों में निकाला था शव

गोविंदगढ़ थाने से 1 किलोमीटर दूर सेमरिया गांव लौट रहे रामजी कुशवाहा को ट्रक ने पहले टक्कर मारी, फिर ट्रांसफॉर्मर से टकरा गया। रामजी कुशवाहा का शव ट्रक और बाइक में बुरी तरह फंस गया था। शव को टुकड़ों में इकट्?ठा किया गया। परिजन और गांव के लोग रीवा - गोविंदगढ़ रोड पर धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से सभी को समझाया था।

### दोस्त ने बताया- ये हादसा नहीं, हत्या

रामजी कुशवाहा के दोस्त रजनीश साकेत ट्रक ड्राइवर है। बुधवार को रजनीश के ट्रक और आरोपी अनिल बैरागी के ट्रक में मामूली टक्कर हो गई थी। दोनों झगड़ रहे थे। इतने में यहां से रामजी का गुजरना हुआ। रजनीश ने आवाज देकर रामजी को बुलाया। रामजी की भी आरोपी अनिल बैरागी से बहस हो गई, इसके बाद सभी अपने-अपने रास्ते निकल गए। रजनीश के मुताबिक, इसके आधे घंटे बाद आरोपी अनिल ने रामजी पर ट्रक चढ़ाकर हत्या कर दी। घटना वाले दिन डर की वजह से उसने इस बात की जानकारी पुलिस को नहीं दी।

### ट्रक मोड़कर हत्या करने लौटा आरोपी

गोविंदगढ़ थाना प्रभारी शिव अग्रवाल ने बताया, आरोपी अनिल बैरागी रीवा से धनपुरी (शहडोल) जा रहा था। जांच में पता चला कि गोविंदगढ़ में हुए झगड़े के बाद वह अपना ट्रक लेकर आगे बढ़ गया, लेकिन बीच रास्ते से ट्रक मोड़कर वापस आया। रामजी घर लौट रहा था, तभी उस पर ट्रक चढ़ा दिया।

रामजी के तीन बच्चे हैं। वह अकेला कमाने वाला था। रामजी अब दुनिया में नहीं रहा। उसके बच्चों का क्या होगा। रामजी कहता था कि बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाऊंगा। उनकी परवरिश में कोई कमी नहीं होने दूंगा। बच्चे अभी छोटे हैं, इसलिए पत्नी भी उन्हें छोड़कर मेहनत-मजदूरी नहीं कर पाएगी। हम बुजुर्ग हो चुके हैं, हमारी सांसों का भी कोई ठिकाना नहीं। अब इनका जीवन कैसे कटेगा, यही चिंता खाए जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विधायकों से कहा: दिल्ली चलो

## ग्वालियर-भिंड-इटावा हाइवे को 6-लेन एक्सप्रेस-वे बनाने की रखेंगे मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड ,(एजेंसी)**। भिंड में देश के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के सदस्यता अभियान शामिल हुए। उन्होंने ने भिंड, गोहद, मेहगांव और अटेर सभा को संबोधित किया । मेहगांव में सभा के दौरान सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर-भिंड- इटावा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर सभी विधायकों से दिल्ली चलो।

उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एन एच - 719 को ग्वालियर-भिंड-इटावा को 6 लेन एक्सप्रेस वे की मांग करेंगे।

### सिंधिया बोले: बीजेपी सेवा करना सिखाती है

सभा में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच और भाजपा की सोच में अतर हैं। कांग्रेस में जेब भरने की बात कही जाती है। भाजपा राष्ट्रीय सेवा सिखाती है। उन्होंने सीधे तोर पर कमल नाथ और दिग्विजय सिंह की सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाएं श जैसे लाडली बहना योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं में कांग्रेस सरकार अपनी जेबें भरने पर जोर देती है।

### कैलारस की मेमू ट्रेन का जल्द होगा उद्घाटन

उन्होंने बताया कि ग्वालियर से कैलारस की मेमू ट्रेन का उद्घाटन होने वाला है। गौरतलब है कि मंत्री जी के नेतृत्व में मेहगांव में तहसील घर बना और 200 करोड़ रू लागत की सड़कों का क्रियान्वयन भी शुरू हुआ। इसके साथ ही मंत्री जी ने भिंड,मुरैना और ग्वालियर के विकास के लिए तमाम परियोजनों की जानकारी भी दी.

# युवक को निर्वस्त्र कर पीटा, उस पर ठंडी बियर डाली

## फायरिंग कर पैरों में झुकाया, घटना का वीडियो आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)। भोपाल में एक युवक को अगवा कर मारपीट का वीडियो सामने आया है। आरोप है कि अशोका गार्डन थाने की गुंडा सूची में शामिल दीपक ठाकुर और रोहित कबाड़ी ने साथियों के साथ मिलकर युवक को गौतम नगर थाने के सामने से अगवा किया, फिर कार से इंडस्ट्रियल एरिया की बंद फैक्ट्री में ले गए। यहां उसे निर्वस्त्र कर उसके ऊपर ठंडी बियर डाली। फायरिंग कर आरोपियों ने उसे पैरों में झुकवाया।**

ये घटनाक्रम 13 अगस्त का है। पीड़ित की मां ने इस मामले में एक अक्टूबर को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की है। इससे पहले डीसीपी ऑफिस, एडिशनल डीसीपी ऑफिस में भी आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत की जा चुकी है। लेकिन, एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

### दोस्त की बर्थडे पार्टी में हुआ था विवाद

पीड़ित युवक का नाम गौरव मिश्रा (23) है, वह निजामउद्दीन कॉलोनी पिपलानी थाना क्षेत्र में रहता है और लेबर सप्लाई की ठेकेदारी करता है। 12 अगस्त की रात को बिलखिरिया इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में दोस्त की जन्मदिन की पार्टी थी। यहां सभी दोस्त नाच गाना कर रहे थे। पास की टेबल पर आरोपी दीपक ठाकुर बैठा था। दीपक ठाकुर ने शोर न करने की बात को लेकर गालियां देना शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई। तब दोनों पक्षों में झूमाझटकी भी हो गई। जिसकी शिकायत दीपक ठाकुर ने बिलखिरिया थाने में की थी।

### युवक का सरेराह किया अपहरण

अगले दिन 13 अगस्त को गौरव अपने दोस्तों के साथ डीआईजी बंगला चौराहा पर गौतम नगर थाने के सामने बैठा था। तभी आरोपी रोहित कबाड़ी और चार अन्य लोग आए। उन्हें देख गौरव ने बचने के लिए भागने का प्रयास किया। वह पास के एक घर में छिप गया, आरोपी उसे जबरन इस घर से घसीटकर कार में बैठाकर इंडस्ट्रियल एरिया की एक बंद फैक्ट्री में ले गए।

कार में पहले से दीपक ठाकुर बैठा था। फैक्ट्री में अन्य 10-12 लोग मौजूद थे। वहां आरोपियों ने गौरव को निर्वस्त्र किया। उसके साथ पाइप, डंडे और बेल्ट से जमकर मारपीट की। दबाव बनाने दो युवकों ने उसके बेहद करीब तीन राउंड फायर किए। इसके बाद दीपक के पैरों में झुकने के लिए कहा गया। उसे पीट-पीटकर पैर लगवाए गए।

टीआई हेमंत श्रीवास्तव के मुताबिक मामले की जानकारी नहीं है। थाने में ऐसी कोई शिकायत भी फिलहाल नहीं आई है। शिकायत मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल में 9वीं के स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या

## जबलपुर में 8वीं के छात्र ने छुट्टी के बाद किया हमला, दो दिन पहले भी दी थी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर ,(एजेंसी)**। जबलपुर में 9वीं के छात्र की स्कूल कैंपस में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। स्कूल की छुट्टी होते ही 8वीं के छात्र ने उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने दो दिन पहले भी मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

वारदात जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर शहपुरा थाना क्षेत्र के नटवारा गांव में गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे की है। लहूलुहान हालत में छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। यहां शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक छात्र की पहचान रोहित प्रजापति (16) के रूप में हुई है। 15 साल का आरोपी 8वीं में पढ़ता है।

**स्कूल के ग्राउंड में खड़ा था, आरोपी ने चाकू मार दिया-** शहपुरा थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया, रोहित प्रजापति नटवारा गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ता था। गुरुवार शाम 4:30 बजे स्कूल की छुट्?टी हुई। सभी बच्चे घर जाने के लिए ग्राउंड में खड़े थे। इसी दौरान 8वीं में पढ़ने वाले 15 साल के लड़के ने रोहित के पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद भाग गया। स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा। पुलिस और घायल छात्र के परिजन को सूचना दी।

**पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार किया-** घायल को तुरंत शहपुरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उसकी मौत हो गई। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। टीआई ने बताया कि अभी परिजन से पूछताछ नहीं हो सकी है। आरोपी नाबालिग छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में उपयोग किए गए चाकू को भी जब्त किया गया है। विवाद की असल वजह की जांच की जा रही है।

**दो दिन पहले भी हुआ था विवाद-** पुलिस के मुताबिक अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि दो दिन पहले दोनों छात्रों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी ने रोहित को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी।

रोहित के साथ स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने पुलिस को बताया, दोपहर में दूसरे पीरियड के बाद रोहित मैदान में घूम रहा था। उसी दौरान आरोपी भी बाहर आया था।

# तीन करोड़ की एमडी व डोडाचुरा जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। पुलिस द्वारा जिले में की जा रही चेकिंग के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं तथा चेकिग के दौरान पुलिस ने जिले में अवैध मादक पदार्थ की सबसे खेप पकड़कर बड़ी कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के नवागत एसपी अमित कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पूरे जिले के पुलिस महकमें को सघन चेकिंग करने के आदेश दिए थे ।

3 अक्टूबर गुरुवार को रतलाम जिले के ताल थाना अंतर्गत चेकिंग लगाई गई थी इस दौरान सूचना मिलने पर ग्राम खारवा कला में दूध तलाई फंटा यात्री प्रतीक्षालय नागदा ताल रोड पर उप निरीक्षक दिनेश राठौर एवं पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी की गई तथा चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे तीन करोड रुपए की 3 किलो एमडी व 1 किलो 898 ग्राम डोडा चूरा जप्त किया। एसपी अमित कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पकड़े गए व्यक्ति सबा पति नदीम शेख मोहम्मद, नदीम शेख, सुल्तान अहमद व सलमान मोहम्मद सभी निवासी मुंबई के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ जप्त किया है एसपी कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति कोरियर हैं इन्होंने यह माल किससे लिया था तथा किसको देने के लिए जा रहे थे । इसकी विस्तृत जांच की जा रही है । पकड़े गए चारो आरोपियो को न्यायालय ने 5 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। खारवा चौकी द्वारा की गई कार्रवाई पर एसपी कुमार ने टीम को दस हजार रु के इनाम की घोषणा की है । पत्रकार वार्ता के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा आलोट एसडीओपी शाबेरा अंसारी भी मौजूद थे । साथी एसपी अमित कुमार ने बताया कि वे सेवा निवृतपुलिस कर्मियों से हर माह मिलेंगे तथा उनके अनुभव व सूचनाओ का लाभ लिया जाएगा ।

## संपादकीय

# नई योजनाएं, पुराने सवाल

बढ़ती आबादी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव सबसे अधिक खेती-किसानी पर देखा जा रहा है। हर वर्ष अन्न उत्पादन बढ़ाने की राह में मुश्किलें बढ़ रही हैं। ऐसे में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन की दरकार महसूस की जाती रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की दो नई परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्वाभाविक ही इस क्षेत्र में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना नामक दो नई योजनाएं शुरू की हैं। हालांकि इस क्षेत्र के लिए पहले से कई योजनाएं चल रही हैं। कृषि कर्ज और फसल बीमा को सुविधाजनक बनाया गया है। किसानों की प्रोत्साहन राशि बढ़ा कर छह हजार से दस हजार रुपए प्रति वर्ष कर दी गई है। इनके बीच दो नई योजनाएं शुरू होने से खेती-किसानी में कुछ बेहतरी की संभावना बन सकती है। सरकार ने इस वर्ष तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। वह वादा पूरा तो नहीं हो पाया, पर कुछ तरक्की के संकेत जरूर मिले हैं। देखना है, नई योजनाएं इस वादे को पूरा कर पाने में कितनी और कहां तक मददगार साबित होती हैं। सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां किसानों की मानसून पर निर्भरता है। फिर, खेती में लागत काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों आदि की कीमतें बहुत सारे किसानों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। फसलों के उचित दाम नहीं मिल पाते। लागत और लाभ में काफी अंतर है। कुछ फसलें लागत से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती हैं। सरकार हर वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो करती है, मगर उस कीमत पर भी अनाज बाजार में नहीं बिक पाता। बिचौलिए उससे काफी कम कीमत पर फसल खरीदते हैं। नगदी फसल उगाने वाले किसानों को अक्सर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी मौसम की मार से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कभी बाजार में उतार और मांग कम होने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचनी पड़ती है। हर वर्ष किसानों को प्रतिरोध में फसलें सड़कों पर फेंकते देखा जाता है। इस स्थिति से पार पाने में ये योजनाएं कितनी सफल होंगी, यही उनकी कसौटी होगी। किसान लगातार मांग करते रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए।

# आलसी ब्राह्मण



एक बार की बात है, एक गांव में एक ब्राह्मण रहता था। वह सुबह उठता, नहाता, पूजा करता, खाना खाता और फिर सो जाता था। उसके पास किसी भी चीज की कमी नहीं थी। एक बड़ा खेत, खाना पका कर देने वाली एक सुन्दर-सी पत्नी और दो बच्चों का अच्छा परिवार था।

सब कुछ होने के बाद भी ब्राह्मण के घरवाले एक बात से बहुत परेशान थे। वो बात यह थी कि ब्राह्मण बहुत आलसी था। वो कोई भी काम खुद नहीं करता था और दिन भर सोता रहता था।

एक दिन बच्चों का शोर सुनकर ब्राह्मण जाग गया और उसने देखा कि उसके दरवाजे पर एक साधु महाराज आए हैं। ब्राह्मण और उसकी पत्नी ने साधु महाराज का स्वागत किया और उन्हें भोजन कराया। भोजन के बाद ब्राह्मण ने साधु की खूब सेवा की।

साधु महाराज उनकी सेवा से बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान मांगने को कहा। ब्राह्मण ने वरदान मांगा कि मुझे कोई भी काम न करना पड़े और मेरी जगह कोई और मेरा काम कर दे।

तब साधु उसे वरदान में एक जिन्न देते हैं और साथ में यह भी कहते हैं कि जिन्न को हमेशा व्यस्त रखना। अगर उसे काम नहीं दिया, तो वो तुम्हें खा जाएगा। वरदान पाकर ब्राह्मण मन ही मन बहुत खुश हुआ और साधु को आदर के साथ विदा किया।

साधु के जाते ही वहां एक जिन्न प्रकट हुआ। पहले तो ब्राह्मण उसे देखकर डर जाता है, लेकिन जैसे ही वो ब्राह्मण से काम मांगता है, तब ब्राह्मण का डर दूर हो जाता है और वो उसे पहला काम खेत जोतने का देता है।

जिन्न वहां से गायब हो जाता है और ब्राह्मण की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। कुछ ही देर में जिन्न फिर आ जाता है और बोलता है कि खेत जोत दिया, दूसरा काम दीजिए। ब्राह्मण सोचता है कि इतना बड़ा खेत इसने इतनी जल्दी कैसे जोत दिया।

ब्राह्मण इतना सोच ही रहा था कि जिन्न बोलता है कि जल्दी मुझे काम बताओ नहीं तो मैं आपको खा जाऊंगा।

ब्राह्मण डर जाता है और बोलता है कि जाकर खेतों में सिंचाई करो। जिन्न फिर वहां से गायब हो जाता है और थोड़ी ही देर में फिर आ जाता है। जिन्न आकर बोलता है कि खेतों की सिंचाई हो गई, अब अगला काम बताइए।

ब्राह्मण एक-एक कर सभी काम बताता जाता है और जिन्न उसे चुटकियों में पूरा कर देता है। ब्राह्मण की पत्नी यह सब देख रही थी और अपने पति के आलसीपन पर चिंता करने लगी। शाम होने के पहले ही जिन्न सभी काम कर देता था। सब काम करने के बाद जिन्न ब्राह्मण के पास आ जाता और बोलता कि अगला काम बताइए, नहीं तो मैं आपको खा जाऊंगा।

अब ब्राह्मण के पास कोई भी काम नहीं बचा, जो उसे करने के लिए कह सके। उसे चिंता होने लगी है और वह बहुत डर जाता है।

जब ब्राह्मण की पत्नी अपने पति को डरा हुआ देखती है, तो अपने पति को इस संकट से निकालने के बारे में सोचने लगती है। वह ब्राह्मण से बोलती है कि स्वामी अगर आप मुझे वचन देंगे कि आप कभी आलस नहीं करेंगे और अपने सभी काम खुद करेंगे, तो मैं इस जिन्न को काम दे सकती हूं।

इस पर ब्राह्मण सोचता है कि पता नहीं यह क्या काम देगी। अपनी जान बचाने के लिए ब्राह्मण अपनी पत्नी को वचन दे देता है। इसके बाद ब्राह्मण की पत्नी जिन्न से बोलती है कि हमारे यहां एक कुत्ता है। तुम जाकर उसकी पूंछ पूरी सीधी कर दो। याद रखना उसकी पूंछ एकदम सीधी होनी चाहिए।

जिन्न बोलता है कि अभी यह काम कर देता हूं। यह बोलकर वह वहां से चला जाता है। लाख कोशिश के बाद भी वह कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं कर पाता और हार मान लेता है। हारकर जिन्न ब्राह्मण के यहां से चला जाता है। उस दिन के बाद से ब्राह्मण अपने आलस को छोड़कर सभी काम करने लगता है और उसका परिवार खुशी-खुशी रहने लगता है।

### कहानी से सीख

हमें कभी आलस नहीं करना चाहिए। आलस करने से हम मुसीबत में फंस सकते हैं। इसलिए, हमें आलस छोड़कर अपना काम खुद ही करना चाहिए।

# दो सांप



बहुत समय पहले की बात है, एक नगर में देवशक्ति नामक राजा रहा करता था। उसके पुत्र के पेट में एक सांप ने अपना डेरा जमा लिया था। पेट में सांप के होने से राजकुमार दिन प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा था। यह देख राजा ने कई प्रसिद्ध वैद से उसका उपचार कराया, लेकिन राजकुमार के स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नजर नहीं आ रहा था। राजकुमार के स्वास्थ्य के कारण राजा हमेशा परेशान रहता। यह देखकर एक दिन राजकुमार अपने राज्य से दूर दूसरे राज्य में चला गया और मंदिर में भिखारी की तरह रहने लगा।

राजकुमार जिस राज्य में गया था, वहां बलि नामक राजा राज करता था। उसकी दो जवान बेटियां थीं। दोनों रोज सुबह अपने पिता का आशीर्वाद लेने जाती थीं। एक सुबह दोनों में एक बेटी ने राजा को प्रणाम करते हुए कहा "महाराज की जय हो, आपकी कृपा से ही संसार में सब सुखी हैं।" वहीं दूसरी बेटी ने कहा "महाराजा, ईश्वर आपको आपके कर्मों का फल दे।" यह सुनकर राजा क्रोधित हो जाता है और मंत्रियों को आदेश देता है "कठोर शब्द बोलने वाली इस लड़की की शादी किसी गरीब लड़के के साथ कर दो, ताकि ये अपने कर्मों का फल स्वयं चख ले।"

राजा के आदेश के चलते मंत्री मंदिर के पास बैठे भिखारी से उसकी शादी कर देते हैं। वह भिखारी वही राजकुमार था, जिसके पेट में सांप ने डेरा बना रखा था। राजकुमारी उसे ही अपना पति मानकर सेवा करने लगती है। कुछ दिन बाद दोनों मंदिर छोड़कर दूसरे देश की यात्रा पर निकल जाते हैं, क्योंकि दोनों मंदिर में रहना सही नहीं समझते।

सफर के दौरान रास्ते में राजकुमार थक जाता है और एक पेड़ के नीचे विश्राम करने लगता है। राजकुमारी पास के गांव से भोजन लाने के लिए चली जाती है। जब वह वापस आती है, तो सोए हुए पति के मुंह से एक सांप को निकलते देखती है। साथ ही पास के एक बिल से भी सांप निकलता है। दोनों सांप बात करने लगते हैं, जिसे छिपकर राजकुमारी सुन लेती है।

एक सांप कहता है "तुम इस राजकुमार के पेट में रहकर इसे तकलीफ क्यों दे रहे हो। साथ ही तुम खुद के जीवन को भी खतरे में डाल रहे हो। अगर किसी ने राजकुमार को जीरा और सरसों का सूप पिला दिया, तो तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी।" फिर राजकुमार के मुंह से निकला सांप कहता है "तुम इस बिल में रखे सोने के घड़ों की रक्षा क्यों करते हैं, जो तुम्हारे किसी काम के नहीं हैं। अगर किसी को इन घड़ों के बारे में पता चल गया, तो वो बिल में गर्म पानी या गर्म तेल डालकर तुम्हारी जान ले लेगा।"

थोड़ी देर बाद दोनों सांप अपनी-अपनी जगह वापस चले जाते हैं, लेकिन राजकुमारी दोनों सांपों के रहस्य को जा चुकी थी। इसलिए, राजकुमारी पहले राजकुमार को भोजन के साथ जीरा और सरसों का सूप पिला देती है। इसके कुछ समय बाद राजकुमार ठीक होने लगा। फिर उसके बाद बिल में गर्म पानी और तेल डाल देती है, जिससे दूसरे सांप की भी मृत्यु हो जाती है। इसके बाद बिल में रखे सोने से भरे घड़े को बाहर निकालकर दोनों अपने शहर लौट जाते हैं। राजा देवशक्ति अपने बेटे और उसकी पत्नी का धूमधाम से स्वागत करता है।

### कहानी से सीख

इस कहानी से यह सीख मिलती है कि अगर कोई किसी का बुरा सोचता है, तो उसका भी बुरा होना तय है। सांप ने राजकुमार का बुरा सोचा, तो उल्टा उसका बुरा हुआ।

Maharashtra

# पैगंबर पर यति के बोल से महाराष्ट्र में बवाल, भीड़ का थाने पर हमला, जमकर पथराव

**मुंबई, (एजेंसी)** पैगंबर मोहम्मद साहब पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र में हवाल हो गया। महाराष्ट्र के अमरावती में भीड़ ने थाने पर हमला कर दिया। एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर पहुंची भीड़ ने जमकर पथराव किया। बल प्रयोग करके भीड़ को किसी तरह काबू किया गया।

पीटीआई की ओर से जारी वीडियो में दिख रहा है कि नागपुरी गेट थाना परिसर में सैकड़ों पत्थर फेंके गए। नारेबाजी करते हुए भीड़ देर रात थाने तक पहुंची थी। उनकी मांग थी कि यति नरसिंहानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान अचानक भीड़ उग्र



हो गई और थाने पर पथराव शुरू कर दिया गया। माना जा रहा है कि हमलावर पूरी तैयारी के साथ आए थे। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने 29 सितंबर को पैगंबर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। गुरुवार रात इसका वीडियो सामने आया तो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गाजियाबाद पुलिस ने यति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, मुस्लिम समाज के लोगों को कहना है कि सिर्फ एफआईआर काफी नहीं है, यति को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर लोगों ने यति के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवाज उठाई तो वहीं कई जगह लोगों ने सड़कों पर उतरकर भी नारेबाजी की।

P. Bangal

## डॉक्टर्स ने बंगाल सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम, आमरण अनशन शुरू करने दी चेतावनी



**कोलकाता, (एजेंसी)** जूनियर डॉक्टर्स ने अपनी 'पूरी तरह से काम रोकों' हड़ताल को वापस लेने का फैसला किया है, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर्स ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। दरअसल शुक्रवार को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर्स एक रैली निकाल रहे थे। इस दौरान पुलिस ने डॉक्टर्स की रैली पर लाठीचार्ज किया। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने से डॉक्टर्स में नाराजगी है। बारिश के बावजूद डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन जारी है। डॉक्टर्स एल्पालांडे इलाके में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी छाता लेकर तो कुछ पॉलीथीन के शेड के नीचे छिपे दिखाई दिए। डॉक्टर्स ने इससे पहले पूरी तरह से काम रोकने का एलान किया था, लेकिन शुक्रवार को रात करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने पूरी तरह से काम रोकने की हड़ताल वापस लेने का फैसला किया।

डॉक्टर्स ने बंगाल सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और मांग की है कि या तो सरकार उनकी मांगे मान ले या फिर वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। डॉक्टर्स ने प्रदर्शन स्थल पर एक बड़ी सी घड़ी भी लगाई है ताकि समय की पाबंदी पर ध्यान रखा जा सके। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का कहना है कि 'जब आप किसी कारण के लिए लड़ाई लड़ते हैं तो आप ये उम्मीद नहीं कर सकते कि चीजें आसान होंगी। हालांकि हमने उम्मीद की थी कि हमारे साथ राज्य सरकार की तरफ से अच्छा व्यवहार होगा।

Jammu

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू-कश्मीर, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ एक और कार्रवाई करते हुए सेना ने सेना ने शनिवार सुबह कुपवाड़ा में 'ऑपरेशन गुगलधर' के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने एक बयान में कहा, 'ऑपरेशन गुगलधर में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। उनके पास से युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। इलाके की तलाशी चल रही है और अभियान जारी है।'**

सेना ने आगे कहा कि सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को चुनौती दी। इसके बाद गोलीबारी हुई। सेना ने कहा, '4 अक्टूबर 2024 को घुसपैठ के प्रयास के बारे में खुफिया जानकारी के आधार प भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। सैनिकों ने प्रभावी गोलीबारी की। अभियान अभी भी जारी है।'

Rajasthan

## दो होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, एयरपोर्ट पर CISF को आया मेल

**जयपुर, (एजेंसी) सरकारी दफ्तरों या सुरक्षा बलों के पास धमकी भरे खत या ईमेल डर और हड़कंप की स्थिति पैदा कर देते हैं. हाल में राजस्थान की राजधानी जयपुर हवाई अड्डे पर कुछ ऐसा ही हुआ. यहां शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को एक ईमेल मिला. इसमें कुछ ऐसा था कि बल तुरंत अलर्ट हो गया.**

ये एक धमकी भरा ईमेल था जिसमें जयपुर के दो होटलों को भी बम से उड़ाने की बात कही गई थी. हालांकि पुलिस ने कहा कि जांच में बातें झूठी निकलीं. जयपुर एयरपोर्ट के SHO संदीप बसेरा ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) को शुक्रवार दोपहर 2.15 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेल भेजा था. इस मेल को देश के सभी एयरपोर्ट को टैग किया गया है. उन्होंने कहा- मेल में किसी विमान या हवाईअड्डे पर बमबारी की कोई धमकी नहीं है.

इसमें होटलों में बम धमाके की बात के अलावा लिखा था- 'देख लेंगे... हम मजबूत देश से टकरा लेंगे'. एहतियात के तौर पर, हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. साथ ही हवाई अड्डे पर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है.

इधर, डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने कहा कि धमकी भरे ईमेल जयपुर के दो होटलों को भी भेजे गए थे, जिसके बाद गहन जांच की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला. मामले की जांच की जा रही है.

खेल

# पहले मैच में ही फीका पड़ा मंधाना-हरमनप्रीत का जादू, 102 रन पर सिमटी टीम

**दुबई, (एजेंसी) महिला टी20 विश्व कप में भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ नहीं कर सकी। न्यूजीलैंड ने उन्हें इस मैच में 58 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की टीम इस शिकस्त के साथ ग्रुप ए की अंक तालिका में चौथे पायदान पर पहुंच गई। वहीं, सोफी डिवाइन की टीम जीत के बाद पहले स्थान पर पहुंच गई। दूसरे पायदान पर पाकिस्तान की सेना है, जिन्होंने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 31 रनों से जीत दर्ज की थी।**

### 102 रन पर ऑलआउट हुई टीम

दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।



सोफी डिवाइन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत कीवियों ने 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रनों का स्कोर तैयार किया। जवाब में भारतीय टीम 19 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। छह अक्टूबर को भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

### कीवियों के फेंके जाल में फंसी भारतीय टीम

भारत की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं हुई। शेफाली वर्मा को कार्सन ने दूसरे ही ओवर में अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ दो रन बना सकीं। कीवी गेंदबाज ने ही स्मृति मंधाना को भी आउट किया। उप-कप्तान सिर्फ 12 रन बना सकीं। इस मुकाबले में भारत का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। हरमनप्रीत 15, जेमिमा 13, ऋचा 12, दीप्ति 13, अरुंधति एक, पूजा आठ, श्रेयंका सात, रेणुका सिंह शून्य और आशा शोभना छह* रन बना सकीं। न्यूजीलैंड के लिए रोजमैरी मायर ने चार, ली ताहुहु ने तीन, एडेन कार्सन ने दो और अमेलिया कर ने एक विकेट चटकाया।

**सोफी डिवाइन ने जड़ा नाबाद पचासा-** सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अरुंधति रेड्डी ने तोड़ा। उन्होंने बेट्स को श्रेयंका पाटिल के हाथों कैच आउट कराया। वह दो चौकों की मदद से 27 रन बनाने में कामयाब हुईं। वहीं, जॉर्जिया ने तीन चौकों और एक छक्के की सहायता से 34 रन बनाए। इसके बाद अमेलिया केर और सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी हुई। रेणुका सिंह ने 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर केर को आउट किया। वह सिर्फ 13 बनाकर लौटीं। इसके बाद कप्तान का साथ ब्रूक हॉलीडे ने दिया। दोनों के बीच 46 रनों की साझेदारी हुई जिसे रेणुका ने ही 19वें ओवर में तोड़ दिया।

सिनेमा

## पापा जैकी श्रॉफ की को-स्टार रहीं इस एक्ट्रेस से कृष्णा को होती थी जलन, जानें कौन हैं वो



कृष्णा श्रॉफ हाल ही में खत्म हुए खतरों के खिलाड़ी 14 के टॉप-3 फाइनलिस्ट्स में शामिल थीं। उन्होंने अब अपने पिता जैकी श्रॉफ के बारे में एक बात बताई है। कृष्णा का कहना है कि उन्हें उनके पिता की एक को-स्टार से जलन होती थी। उन्होंने बताया कि बचपन में माधुरी दीक्षित और रवीना टंडन के साथ पिता के रोमांटिक सीन देखकर उन्हें परेशानी नहीं होती थी, लेकिन एक पॉपुलर मूवी में एक ऑन-स्क्रीन बेटी को देखकर उन्हें पजेसिव फील हुआ था। कृष्णा ने बताया कि उन्हें जैकी श्रॉफ की 'किंग अंकल' फिल्म की को-स्टार के साथ जलन महसूस हुई थी। उन्होंने कहा, 'मैं उनकी ऑन-स्क्रीन बेटी पूजा रूपारेल को देखकर काफी दुखी हुई। मुझे लगा कि यह तो मेरी जगह थी। मैं काफी ज्यादा पजेसिव थी और अब भी हूं।' कृष्णा श्रॉफ के इस स्टेटमेंट से साफ है कि वह अपने पिता से कितना प्यार करती हैं। उनके और उनके पिता के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। हाल ही में कृष्णा श्रॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित शेट्टी के लिए आभार भी व्यक्त किया था। खतरों के खिलाड़ी शो के बारे में बात करते हुए कृष्णा ने कहा कि उनके पिता ही उनके लिए सबसे बड़ा सहारा हैं। जैकी श्रॉफ ने लगातार वीडियो कॉल के जरिए बात की, जिससे उन्हें चैलेंजेस को पार करने में और इंटरनल ताकत को ढूंढने में मदद मिली।

## Highlights

1. **What was Toilet Seat Tax that Congress-led Himachal govt withdrew?**
2. **Doctors protesting against RG Kar rape-murder beaten up in Kolkata, BJP shares video**
3. **Hindu scholar quotes Gita in Pak as he asks Zakir Naik about religion-based killings**
4. **Already have: IAF chief AP Singh when asked if India can strike enemies like Israel**

# Mobile phones, electronics and consumer durables top online shopping charts: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Online shoppers darted towards mobile phones and electronics during the first week of the online festive sales, according to a Times of India report, which added that the demand even outpaced that for quintessential ethnic wear.

E-commerce platforms including Amazon and Flipkart got over ₹54,500 crore in sales during the first week of the festive season, from September 26 to October 02, according to the report, which cited data from market intelligence firm Datum Intelligence.

This was a 26% year-on-year growth, according to the report, which added that around 60% of the spending was on mobile phones, electronics, and consumer durables.

“iPhone 15 and previous generations dominated sales,” the report quoted Shubham Singh, analyst at Counterpoint Research



as saying. "Samsung's Galaxy S23 FE also did exceptionally well on Flipkart."

The increasing iPhone sales was attributed to price drops of previous models after the new model came, since mobile phones priced above ₹30,000 usually sell well in the festive season due to discounts.

When it comes to consumer durables, products like double-door refrigerators and smart TV sets topped the charts.

Another interesting trend is that more than half the buyers, especially from smaller cities and towns, opted for EMIs.

This comes amid Amazon claiming tier 2 and tier 3 cities drove almost 70% of premium smartphone sales, and close to 80% of television orders, according to the report.

# JPMorgan client who lost $50 million fortune amid dementia is denied trial

**NEW DEIHI, (Agency).** A once-wealthy JPMorgan Chase & Co. client whose portfolio crumbled as he slid into dementia lost a legal battle seeking to recoup his fortune from the bank.




A federal judge in Boston threw out a lawsuit filed by Peter Doelger, 87, and his wife, Yoon, accusing the firm of keeping him in an inappropriate investment. In a ruling unsealed Friday, the judge said it doesn’t appear JPMorgan knew about Peter’s deteriorating cognition over the years in which he lost a fortune the firm had pegged at more than $50 million.

While the ruling blocks their complaint from going to trial, the couple still faces a countersuit from JPMorgan seeking to recoup its costs from the three-year legal fight. A family attorney said they are interested in appealing the judge’s decision.

The rise and fall of the Doelger family fortune, chronicled by Bloomberg in December, tested whether Wall Street firms can be held responsible for losses by clients whose ability to understand their portfolios wanes. Financial firms screen customers to ensure they’re sophisticated enough to make complex investments — but the industry’s practices for monitoring their cognition as they age are less regimented.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

# व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

# कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरूकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक